तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025

13 सिर्रीकला के सात दिवसीय एनएसएस शिविर में...



14 तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष साहू का राजिम...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय रोजगार मेला आज

**गरियाबंद।** जिला प्रशासन तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 26 नवंबर को वन विभाग के ऑक्शन हॉल में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में अनिल चंद्राकर अध्यक्ष भाजपा गरियाबंद नगर पालिका परिषद्, गरियाबंद के अध्यक्ष रिखी राम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष सोहन धुरव, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष लेखराम साहू एवं नगरपालिका परिषद् के उपाध्यक्ष आसिफ मेमन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### साधारण सभा की बैठक 4 दिसंबर को

**गरियाबंद।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित, गरियाबंद द्वारा गुरुवार 4 दिसंबर को दोपहर 3:00 बजे साधारण सभा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, गरियाबंद में आयोजित की जाएगी। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि बैठक में वर्ष 2024-25 के अंकेक्षण रिपोर्ट का अनुमोदन एवं पारित कराया जाएगा। साथ ही जिलाध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### सौगात : शिक्षा मंत्री गजेंद्र ने हायर सेकेंडरी भवन निर्माण की घोषणा की

# जीवन में शिक्षा सबसे जरूरी, हर हाल में बच्चों को स्कूल भेजें : मंत्री यादव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा, ग्राम उद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव पहली बार मंत्री बनने के बाद मंगलवार को 4 बजे मैनपुर पहुंचे तो यादव समाज एवं क्षेत्रवासियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ जमकर आतिशबाजी कर ऐतिहासिक स्वागत किया। मैनपुर में यादव समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय राऊत नाचा माता महोत्सव में शामिल होने पहुंचे मंत्री गजेन्द्र यादव ने सहाड़ादेव की पूजा -अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, सभापति बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, विशेष अतिथि यादव समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनमती यादव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष रिखिराम यादव, हेमलाल यादव, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, जमुना नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, भाजपा पूर्व जिलाउपाध्यक्ष योगेश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, सर्व यादव समाज उपाध्यक्ष डीके यादव, मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम विशेष रूप से उपस्थित थे। यादव समाज द्वारा मंत्री गजेन्द्र यादव का गजमाला के साथ स्वागत करते हुए पारम्परिक खुमरी और लाठी भेंट किया गया।

शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में यादव समाज आदिवासी समाज एवं सभी समाज के लोग मिलजुलकर रहते है, उन्होने मैनपुर नगर के सबसे बड़ी और पुरानी मांग मैनपुर स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी नया भवन निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की तो हजारों की भींड ने गजेन्द्र यादव ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### शिक्षक की समस्या दूर करने की मांग

बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि हमारे बीच छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री आए है निश्चित रूप से यहां के समस्याओं के समाधान के लिए उनके द्वारा ठोस प्रयास किया जायेगा। जनक ध्रुव ने शिक्षमंत्री से क्षेत्र के जर्जर सैकडों स्कूल भवन अधूरे भवनों को पूरा कराने आश्रम छात्रवास नया स्वीकृत करने के साथ ही शिक्षक की समस्या दूर करने की मांग की। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि यादव समाज का प्राचीन और गौरवशाली परम्परा है, छत्तीसगढ़ में आज हमारे समाज के गजेन्द्र यादव को मंत्री बनाया गया है, जिससे समाज के लोगों में उम्मीद की किरण जगी है, निश्चित रूप से इसका लाभ समाज के लोगों को मिलेगा।

#### ये रहे शामिल

उन्होने कहा कि मैनपुर क्षेत्र में यादव समाज काफी जागरूक है, हमेशा यहां अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जो अपने आप में एक मिशाल है। आयोजक समिति के अध्यक्ष गेन्दु यादव ने मंत्री गजेन्द्र यादव एवं सभी अतिथियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम का संचालन गेन्दु यादव ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुर अध्यक्ष चेतन यादव, मैनपुर सर्कल अध्यक्ष सुखराम यादव, सुकदेव यादव, श्यामलाल यादव, पीलाराम यादव, शांतु यादव, सुखराम नागेश, ठाकुर राम यादव, राधा बाई यादव, जयमल यादव, गयाराम यादव, सीताराम पटेल, अंकालु निशाद, टीकम कपील, प्रेमसाय जगत, जाकीर रजा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता सेन, भाजपा मंहामंत्री दिनश सचदेव, दैनिक राम मंडावी, यमराज ओंटी, महेश दीवान, यशवत यादव, खेलन दीवान, लोकेश साण्डे, अमृत नागेश सहित क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा मंत्री ने बच्चों से की पुस्तक, गणवेश और मध्याह्न भोजन पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर से 10 किलोमीटर दूर धवलपुर में शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव ने स्कूल, आश्रम, छात्रावासों का निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्री सबसे पहले प्राथमिक शाला धवलपुर पहुंचे जहां उन्होंने विद्यालय की गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए नियमितता और समयपालन पर विशेष जोर दिया। मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता और समय पर वितरण की भी जानकारी ली। मंत्री श्री यादव ने गणवेश और पाठ्यपुस्तकों के वितरण की स्थिति पूछी और यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी बच्चे को आवश्यक सामग्री से वंचित न रहना पड़े। बच्चों से बातचीत के दौरान उन्होंने उनके पसंदीदा विषय, पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों और विद्यालय में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में सीधे सवाल पूछे। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। इसके बाद मंत्री श्री यादव हायर सेकेंडरी स्कूल धवलपुर पहुंचे। यहां उन्होंने सभी कक्षाओं का अलग-अलग निरीक्षण किया। उन्होंने संकायवार विषयों की उपलब्धता, विज्ञान और गणित जैसे प्रमुख विषयों में शिक्षकों की स्थिति तथा पाठ्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। धवलपुर में अधुरे स्कूल भवन एंव प्रयोगशाला अधुरा निर्माण को देखकर मंत्री गजेन्द्र यादव ने जमकर नराजगी जताते हुए फटकार लगाई और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने कहा है। मंत्री ने सख्त हिदायत दिया है जितने भी अधुरे स्कूल है उसे जल्द पुरा किया जाए नहीं तो कार्यवाही की जायेगी।

## रसेला उपार्जन केन्द्र में अब तक 5018 क्विंटल की धान खरीदी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में क्षेत्र के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मानीटरिंग की जा रही है। राज्य में 15 नवंबर से शुरू हुए खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। इसी कड़ी में धान उपार्जन केन्द्र रसेला में 17 नवंबर से 24 नवंबर तक 84 किसानों से 5018 क्विंटल की धान खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 23 लाख 27 हजार 8 सौ रूपए किसानों से ऋण वसूली किया गया। कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 1306 है। कुल खरीदी की राशि अब तक 1 करोड़ 19 लाख 32 हजार रुपए है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इन दिनों किसानों को धान बेचने में बहुत ज्यादा कठिनाई हो रही है। एग्रीस्टैक में पंजीयन के बाद उसका नवीनीकरण पंजीयन में न होने से किसानों के रकबे में अंतर आने से किसान उसके संशोधन के लिए भटक रहे हैं। कृषकों ने बताया कि एग्रीस्टेक केंद्र सरकार में कराया गया पंजीयन और बैंक में करवाए गए पंजीयन में काफी भिन्नता है। एग्रीस्टेक में बंटवारा, नाम सुधार, बिक्री पत्रक, दो तीन खसरो का समायोजन, फौती उठाना आदि का इन्द्राज सही ढंग से न होने से उन्हें धान बेचने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। कृषकों ने बताया कि एग्रीस्टेक से पंजीयन की गलती सुधारने मंगलवार 25 नवंबर अंतिम तारीख था। जबकि अभी हजारों कृषकों का एग्रीस्टेक का काम अधूरा है। कृषकों ने एग्रीस्टेक की तारीख 15 दिसंबर तक किए जाने की मांग की है। क्योंकि अभी काफी कुछ संशोधन पूरी करने में बहुत ज्यादा कठिनाई आ रही है।



## नगर में भालू की धमक से दहशत, सीसीटीवी में कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ठंड शुरू होते ही एक बार फिर मैनपुर नगर के निवासियों में दहशत फैल गई है। पिछले कुछ दिनों से नगर की गलियों में जंगली भालू के लगातार विचरण करने की खबरें मिल रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की रात लगभग 3 बजे के आसपास एक जंगली भालू मैनपुर नगर के हृदय स्थल तक पहुँच गया था। यह भालू ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने से, देना बैंक की गली होते हुए, आगे नगर की गलियों में घूमता रहा। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसी दौरान कुछ वाहनों के आने से भालू बैंक के प्रमुख गली से नगर के भीतर घुस गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कुछ लोग तीन-चार दिन पहले भी भालू को तालाब किनारे मंडराते देख चुके थे। ज्ञात हो कि मैनपुर और आसपास के ग्रामों में हर वर्ष ठंड शुरू होते ही जंगली भालू दस्तक देने लगते हैं। पिछले वर्षों में तो भालू को वन विभाग परिसर के अंदर भी विचरण करते देखा गया था। इस वर्ष अक्टूबर माह में ही भालू तालाब किनारे शाम को आने लगा था, जिसकी जानकारी लगातार मिल रही थी।

**वन विभाग ने तैनात किए कर्मचारी-** नगर के लोगों ने गरियाबंद वन मंडल अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि जंगली भालू के नगर के बीचों-बीच पहुंचने के कारण नगरवासियों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाए। इस संबंध में, वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव ने बताया कि भालू के आने की जानकारी मिलते ही मैनपुर नगर में वन विभाग द्वारा बाकायदा रात को सुरक्षा के लिहाज से कर्मचारी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## जनदर्शन में मिले 49 आवेदन

# जनदर्शन में कलेक्टर उइके ने सुनी आम जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के कलेक्टर बीएस उइके ने आज आयोजित जनदर्शन में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय इलाकों से आए लोगों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें सुनीं। जनदर्शन में कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान ग्राम पारागांव की गिरिजा साहू ने जॉब कार्ड बनाए जाने के लिए आवेदन सौंपा। ग्राम सोरिदखुर्द के बसंत कुमार सिन्हा ने भूमि का सीमांकन कराने की माँग रखी। ग्राम सारागाँव के दिव्यांग लेखराम कवर ने रोजगार उपलब्ध कराने का आग्रह किया। ग्राम सेम्हराडीह की कांति बाई साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सर्वे सूची में नाम जोड़ने का आवेदन दिया। ग्राम कुटेना की देवकी बाई ने प्रधानमंत्री आवास की राशि दिलाने की माँग की। ग्राम बोरसी की चंद्रिका बाई ने पेंशन राशि दिलाने का निवेदन किया। ग्राम सरगोड़ के रामकुमार ध्रुव ने आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ग्राम जेंजरा के निर्मल कुमार साहू ने आधार कार्ड में नाम सुधार कराने का आवेदन दिया। ग्राम गरियाबंद की रूखमनी नेताम ने अपनी राशि वापस दिलाने की बात कही। ग्राम खुटेरी के ढालू राम सेन ने प्रधानमंत्री आवास की द्वितीय किस्त दिलवाने की मांग की। वहीं ग्राम देवभोग के अशोक यादव ने राजस्व पट्टा प्रदान करने का आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर उइके ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर नियमानुसार और शीघ्रता से कार्यवाही की जाए, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके।



**खबर संक्षेप**

### अग्रवाल नर्सिंग में विविध बीमारियों की जांच 29 को



**बसना।** प्रदेश के प्रख्यात रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे 29 नवंबर शनिवार को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में उपलब्ध रहेंगे। डॉ. दवे ने अपने करियर में हजारों सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी कर नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। साथ ही उन्होंने अब तक 500 से भी अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी कर प्रदेश में उन्नत रोबोटिक सर्जरी का एक नया अध्याय लिखा है। इस विशेष शिविर में हर्निया, गॉल ब्लैडर स्टोन, अपेंडिक्स, लिवर, बच्चेदानी से संबंधित सर्जरी, पेट में गांठ, सिस्ट, ट्यूमर तथा सभी प्रकार की पेट से संबंधित जनरल एवं एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी करेंगे। 27 नवंबर तक अपनी जांच एवं पंजीयन करा सकते हैं।

### गांजा तस्कर को 15 साल कैद, डेढ़ लाख जुर्माना

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास 20 किलो से ज्यादा गांजा के साथ गिरफ्तार आरोपी को न्यायाधीश किरण थवाईत की स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस ने 15 साल कैद तथा डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार कोर्ट ने उत्तरप्रदेश, जौनपुर निवासी अजीत यादव को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 12 जनवरी 2025 को अजीत के कब्जे से गांजा जब्त किया था।

### पत्रकार पर हमले का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** बोरियाखुर्द निवासी पेशे से पत्रकार हरिमोहन तिवारी ने एक अन्य व्यक्ति तथा उसके बेटे के खिलाफ मामली विवाद में मारपीट करने की टिकरापारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरिमोहन ने बफाती उर्फ भोलू खान तथा उसके बेटे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। हरिमोहन ने पुलिस को बताया कि भोलू उसके 12 साल के बेटे को गाली-गलौज देकर धमका रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर हरिमोहन भोलू को समझाने गया। इससे भोलू नाराज होकर अपने बेटे के साथ मिलकर हरिमोहन के घर में घुसकर मारपीट की। हरिमोहन की शिकायत पर पुलिस ने भोलू को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

### देशी कट्टा बरामद धरा गया बदमाश

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास कट्टा लहराकर लोगों को धमकाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। पुलिस ने कट्टा लहराकर लोगों को धमकाने के आरोप में शनि कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है।

### कार पार्क करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंद्रकांत मिश्रा ने ऋषि साहू, घनश्याम साहू तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रकांत ने पुलिस को बताया कि घनश्याम ने उसके घर के सामने कार पार्क की। मना करने पर घनश्याम ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चंद्रकांत के साथ मारपीट की।

### आपसी रंजिश के चलते युवक से की मारपीट

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलफ आपसी रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इरफान खान ने शहबाज अली के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। इरफान ने पुलिस को बताया कि शहबाज ने आपसी रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोककर मारपीट की।

# मतदाता पुनरीक्षण प्रशिक्षण शिविर, वोट चोरी रोकने के लिए कांग्रेस गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन भाषण डॉ रश्मि चंद्राकर ने दी। इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश स्तर के मार्गदर्शक विनोद वर्मा ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रशिक्षण के दौरान वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत सही मतदाता सूची होती है। और चुनाव के दौरान सबसे अधिक अनियमितताएं फर्जी वोट और मतदाता सूची में हेरफेर से होती हैं। इसी कारण कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशभर में यह अभियान चलाया है। ताकि, प्रत्येक सही मतदाता का नाम सूची में रहे और किसी भी प्रकार की वोट चोरी की संभावना न रहे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को विभिन्न बिंदुओं पर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया। इसमें नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की विधि, डुप्लीकेट प्रविष्टियों की जाँच एवं सुधार, बूथ स्तर पर मतदाता सूची का सत्यापन, आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए अभियान की रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर,



विनोद वर्मा, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, अंकित बागबाहरा, राजेश जैन, अमन चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकार चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, हीरा बंजारे, मानिक साहू, विजय साव, गुरमीत चावला, नारायण नामदेव, भरत ठाकुर, पार्षद रिंकू चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, महेंद्र साहू जनपद सदस्य, राजेश नेताम, कमल प्रजापति, राजू साहू, तुलसी साहू, खेमराज ध्रुव, अक्षय सकारकर, सोनम रामटेके, दसोदा ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, मोती साहू, लीलू साहू, सचिन गायकवाड, भोलाराम गंधर्व, संतोष धीवर, कपिल साहू, चंद्रेश साहू, जावेद चौहान, हुलास गिरी गोस्वामी, मनोहर ठाकुर, टोमन सिंग कागजी, जाकिर रजा, मेहुल सूचक, हार्दिक सोना, लोकेश चंदन साहू, डॉ. सैय्यद एजाज नकवी, आशीष साहू, रवि ध्रुव, डीआर नायक, डॉ शत्रुघ्न साहू, बसंत चंद्राकर, सुरेंद्र ठाकुर, आवेज खान, गजेंद्र साहू, आशीष बरिहा, चेतन साहू, मोहन यादव, तुलसी देवदास एवं कांग्रेस के पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, बूथ लेवल प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि महासमुंद जिले में किसी भी प्रकार की वोट चोरी नहीं होने दी जाएगी और प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस कार्यकर्ता सजग रहेंगे। कार्यक्रम के अंत विधानसभा प्रभारी विनोद चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा जनभागीदारी से होती है, और कांग्रेस इस दिशा में निरंतर सकारात्मक प्रयास कर रही है।

## क्रिकेट : आरपी ग्रुप ने रोमांचक मुकाबले में ब्रदर ब्लास्ट को 6 रन से हराया

# आकाश कप पीसीएल डे-नाइट ड्यूस बॉल क्रिकेट में आरपी ग्रुप विजयी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित आकाश कप डे-नाइट ड्यूस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट पीसीएल 2025 के फाइनल मुकाबले में आरपी ग्रुप ने शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपी ग्रुप ने निर्धारित 20 ओवर में 163 रन बनाए और ब्रदर ब्लास्ट को 164 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में ब्रदर ब्लास्ट की टीम 20 ओवर में 157 रन ही बना सकी। इस प्रकार आरपी ग्रुप ने 6 रन से रोमांचक जीत हासिल की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी, अधिवक्ता एवं पत्रकार आकाश अग्रवाल, अध्यक्षता रमेश सिन्हा उप सरपंच ग्राम पंचायत लहरौद एवं पत्रकार ने की। विशिष्ट अतिथियों में गोपाल शर्मा, अध्यक्ष व्यापारी एकता मंच पिथौरा, गोविंद




शर्मा, मोनू सलूजा, अमरप्रीत सिंह छाबड़ा, राम कुंवर सिन्हा पार्षद वार्ड-12 तथा हेमलता सागर निषाद पार्षद वार्ड-8 उपस्थित रहे। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच मोहम्मद असलम रहे। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज योगेश पटेल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज टीकाराम नायक, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर मानस सेठ, बेस्ट फील्डर राहुल चौधरी एवं अकरम खान जबकि मैन ऑफ द सीरीज सोनू तिवारी रहे। यह टूर्नामेंट कुल आठ फ्रेंचाइजी टीमों के बीच खेला गया। कॉमेंट्री की जिम्मेदारी सुरेश ठाकुर और सिमरन धनेश्वर प्रधान ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में शुभम तिवारी और अविनाश मित्तल रहे।

आयोजन को सफल बनाने में पार्षद वार्ड 15 कौशल दास मानिकपुरी, शैलेंद्र सिन्हा, राजेश चौधरी, नवीन साहू, कलीम खान, सुनील यादव, अविनाश पटेल, राहुल चौधरी, विजय गौतम, दिनेश साहू, तारी टूटेजा आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक सुधीर प्रधान तथा आभार प्रदर्शन शैलेंद्र सिन्हा ने किया।

# कांग्रेस भवन में बूथ लेवल ऑब्जर्वरों का हुआ प्रशिक्षण

**महासमुंद।** मतदाता पुनरीक्षण को पारदर्शिता पूर्ण संपन्न कराने जिला कांग्रेस भवन में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के बीएलए (बूथ लेवल ऑब्जर्वर) प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद वर्मा तथा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पूर्व विधायक चंद्राकर एवं वर्मा ने सभी बीएलए को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे। विनोद वर्मा ने कहा कि बीएलए पार्टी की रीढ़ हैं। पूरे प्रदेश में एसआईआर कार्य की निगरानी कांग्रेस कर रही है, वोटर लिस्ट में हेरफेर करना भाजपा की नीति है, कांग्रेस की स्थिति जहां मजबूत है, उन क्षेत्रों में भाजपा मतदाता सूची में गड़बड़ी कर सकती है, इस पर विशेष नजर रखना है। पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्रों में दिन-रात संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाना व मौजूदा सूची में पारदर्शिता पूर्ण संशोधन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की असली ताकत है, इसलिए इस विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में पूरी तत्परता से जुटें। तथा ध्यान रखे कि कहीं किसी पात्र व्यक्ति का नाम न छुटे। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी बीएलए को एसआईआर संबंधी जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन साहू, दाऊ लाल चंद्राकर, अंकित बागबाहरा, नितेंद्र बनर्जी, अमन चंद्राकर, हीरा बंजारे, गौरव चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, नारायण नामदेव, सचिन गायकवाड़, दसोदा ध्रुव, आवेज खान, जाकिर आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का आरोप- एसआईआर के नाम पर जनता को परेशान करवा रही है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



■ मोदी ने नोटबंदी के बाद एसआईआर पर जनता को लाइन में लगा दिया : बैज

मोदी नोटबंदी के समय जैसे जनता को लाइन में लगाया था वैसे ही एसआईआर के नाम पर एक बार फिर से जनता को अपना मतदान बचाने लाइन में लगा दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार एसआईआर के नाम पर प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है। आज हर आदमी अपना सब काम छोड़कर अपनी नागरिकता साबित करने तथा मतदाता सूची में अपना नाम बचाने की कवायद में लगा है। आयोग मतदाताओं को अनावश्यक परेशान कर रहा है। जो लोग दशकों से मतदान कर रहे हैं, उनको भी अपने आपको प्रमाणित करने के लिये मशक्कत करनी पड़ रही है। भाजपा ने अपनी राजनीति और सत्ता को बचाने के लिये सभी देशवासियो को लाइन में खड़ा कर दी है।

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने बिना प्रशिक्षण दिये ही आनन-फानन में आंगनबाड़ी सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाकर फील्ड में भेज दिया है। आयोग के बीएलओ खुद फार्म की जानकारियों के बारे में दिग्भ्रमित है, जिसके कारण भी मतदाता प्रपत्र नहीं भर पा रहे हैं। विवाहिता स्त्री के मामले में आयोग की नियमावली में पिता-माता के 2003 के मतदाता सूची को आधार माना गया है, लेकिन जानकारी के आभाव में आयोग के बीएलओ अधिकांश मतदाताओं से उनके पति की जानकारी को भरकर प्रपत्र स्वीकार कर लिया है। अतः आयोग यह स्पष्ट करें कि बीएलओ के द्वारा भराये गये यह फार्म निरस्त नहीं होंगे।

उन्होंने कहा, आनलाइन एसआईआर फार्म भरने और आफलाइन एसआईआर फार्म में जो दस्तावेज मांगे जा रहे वह भी अलग हैं। आनलाइन में केवल आधार नंबर से एसआईआर हो जा रहा, जबकि आफलाइन में 2003 की मतदाता सूची में परिजन का नाम अनिवार्य कर दिया गया है। अब आयोग यह भी स्पष्ट करे कि आनलाइन फार्म स्वीकार करने के बाद फिर से आफलाइन फार्म नहीं मांगेगा। बीएलओ को भाजपा नेता कार्यकर्ता ठीक से काम करने नहीं दे रहे हैं। ऐसी शिकायत जगह-जगह से आ रही है। भाजपा के नेता बीएलओ पर अनुचित दबाव डाल रहे हैं।

**तेलंगाना और राजस्थान की सूची जारी, छत्तीसगढ़ की सूची अटकी**

# जिला अध्यक्षों की सूची पर राहुल की स्वीकृति के बाद लगेगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। 17 अक्टूबर तक सभी जिलों के पर्यवेक्षकों ने ब्लॉक कांग्रेस की राय लेकर संभावित नामों की सूची एआईसीसी को सौंप दी थी। 41 जिलाध्यक्षों में नए चेहरों को मौका मिल सकता है। नए जिला अध्यक्षों की सूची लंबे समय से एआईसीसी में अटकी हुई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सूची को अंतिम रूप देने से पहले राहुल गांधी की प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ होने वाली बैठक के बाद जारी होगी।

छत्तीसगढ़ में संगठन को नया और सक्रिय स्वरूप देने के उद्देश्य से बदलाव किया जा रहा है। संगठन में नियुक्ति के लिए एआईसीसी ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से भी राय ली है। पर्यवेक्षकों ने अपनी पूरी रिपोर्ट देने के साथ ही एआईसीसी को पूरा फीडबैक दे दिया है। ऐसे में यह माना जा रहा था कि नवंबर के अंत में सूची आ जाएगी। सूत्र बताते हैं कि राज्य के वरिष्ठ नेताओं से राय लेने के बाद अब राहुल गांधी, एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की एक और बैठक होगी। बैठक में आए सभी नामों पर चर्चा के बाद सक्रिय लोगों के नाम जारी किए जाएंगे। बिहार चुनाव के कारण इस पर होने वाली बैठक नहीं हो पाई, जो जल्द होगी।

**कल आएंगे पायलट**



प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट 26 नवंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। बताया गया है कि वे यहां पर निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर कार्यक्रम की पार्टी स्तर पर समीक्षा के लिए आ रहे हैं। कांग्रेस द्वारा बूथों में बनाए गए बीएलए के माध्यम से पूरे प्रदेश में एसआईआर की जानकारी लेंगे। वहीं पार्टी की निगरानी समिति से अब तक प्रदेश की रिपोर्ट भी लेंगे।

### जल्द आएगी जिला अध्यक्षों की सूची- बैज

जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राजस्थान और तेलंगाना दोनों राज्यों की जिला अध्यक्षों की सूची आ गई है। हम चाह रहे हैं कि सूची जल्द आ जाए, ताकि संगठन के बहुत सारे काम हो सकें। बहुत जल्द छत्तीसगढ़ की सूची आएगी।

### वरिष्ठ नेताओं में खींचतान

जिलों से जिन नामों का पैनल गया है, उनमें अधिकतर ऐसे लोग शामिल हैं, जो पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के खेमे से हैं। नामों को लेकर कई वरिष्ठ नेताओं में खींचतान मची हुई है। ऐसे में देखना यह है कि जो नार्म्स संगठन ने तय किए हैं, उन पर वे कितने फिट बैठते हैं। वहीं राज्य में राजनीतिक समीकरण के हिसाब से नामों को तय करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि अब होने वाली बैठक में किन नामों को तवज्जो देते हैं, यह बैठक के बाद ही तय हो सकेगा।

### कमजोर प्रदर्शन करने वाले बदले जाएंगे

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने इसके पहले 11 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की थी, लेकिन कुछ जिलों में संगठन का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। अब कमजोर प्रदर्शन वाले जिला अध्यक्षों को भी बदलने की तैयारी हो चुकी है। जिन जिलों में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा, उनका हटना तय है। माना जा रहा है कि सभी जिलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति नवंबर के अंत में आने की संभावना है।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में सीएम साय ने छत्तीसगढ़ पवेलियन का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज छत्तीसगढ़ पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के पवेलियन का भ्रमण कर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने पवेलियन में प्रदर्शित उत्पादों और नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वैश्विक व्यापार मंचों पर लगातार अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, वनोपज आधारित उत्पाद और पारंपरिक कला वैश्विक बाजार में अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश के खरीदारों के बीच छत्तीसगढ़ी उत्पादों की बढ़ती मांग स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और हमारे कारीगरों के सम्मान को नई दिशा दे रही है। यह 'आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़' के हमारे संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### बीपीटी की खाली नए आवेदन मंगाए गए

**रायपुर।** राज्य में संचालित एक शासकीय और एक निजी फिजियोथैरेपी कालेज में मॉपअप राउंड के बाद 13 सीटें खाली है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा स्ट्रे वेकैंसी राउंड का आयोजन करने के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया गया है। ऑनलाइन आवेदन के साथ च्वाइस फीलिंग के लिए 25 से 27 नवंबर तक की तारीख तय की गई है। खाली सीटों में चार शासकीय और बाकी 9 निजी कालेज से संबंधित है। बीपीटी की प्रवेश प्रक्रिया नीट के माध्यम से की जाती है।

# लिखित परीक्षा के जरिए भरे जाएंगे नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के पद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा तिथि का ऐलान कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 14,967 रिक्तियों को भरने का उद्देश्य है। भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण, यानी टियर 1 परीक्षा, जनवरी 2026 में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार सीबीएसई, नवोदय विद्यालय अथवा केंद्रीय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध आवेदन लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने और फीस भुगतान की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इस भर्ती का लक्ष्य केवीएस में 9126 और एनवीएस में कुल 5841 पदों को भरना है। सहायक आयुक्त के 17, प्रधानाचार्य के 227, उप प्राचार्य के 58, स्नातकोत्तर शिक्षक के 2978, पीजीटी के 1, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के 5772, तृतीय भाषा शिक्षक के 443, लाइब्रेरियन के 147, प्राथमिक शिक्षक के 3365 सहित 1931 पद गैर शैक्षणिक स्टाफ के हैं।

■ तीन वेबसाइट के जरिए 4 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

### जनवरी में होगी परीक्षा

केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भर्ती अधिसूचना के अनुसार, टियर-1 परीक्षा 10 और 11 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र, आवंटित परीक्षा शहर, परीक्षा कार्यक्रम और टियर-1 के प्रवेश पत्र की जानकारी उम्मीदवारों के ऑनलाइन लॉगिन में समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि, उम्मीदवार परीक्षा से जुड़ी ताजा जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें। चुनाव प्रक्रिया में उम्मीदवारों का चयन कई चरणों में किया जाएगा, जिसमें लिखित परीक्षा (टियर-1), कुछ पदों के लिए कौशल परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा शामिल हैं।

# जमीन की नई गाइडलाइन दर को लेकर विरोध प्रदर्शन करने बिल्डर पहुंचे रजिस्ट्री कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जमीन की नई गाइड लाइन दर को लेकर राजधानी सहित प्रदेश के बिल्डर विरोध में उतर गए हैं। बिल्डरों के सबसे बड़े एसोसिएशन छत्तीसगढ़ क्रेडाई संघ तथा अन्य बिल्डरों ने रायपुर सहित राज्य के अलग-अलग शहरों में सोमवार को प्रदर्शन किया। राजधानी में बिल्डर तथा ब्रोकर ने रजिस्ट्री कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ क्रेडाई का दावा है कि नई गाइड लाइन जारी होने के बाद रायपुर में कई जगहों पर जमीन की सरकारी कीमत मार्केट रेट से कई गुना ज्यादा हो गई है। ब्रोकरों का कहना है कि लोग जितनी कीमत में जमीन नहीं खरीदेंगे, उससे कहीं ज्यादा कीमत के आधार पर रजिस्ट्री शुल्क देंगे। इसका असर रियल एस्टेट के कारोबार पर भी पड़ेगा। क्रेडाई का कहना है कि नई गाइडलाइन में कई बदलाव स्वागत योग्य है।




### बिल्डरों की प्रमुख मांग यह है

बिल्डर तथा जमीन खरीदी बिक्री के कार्य में लगे ब्रोकर के अनुसार गैर पारिवारिक लोगों की ओर से जमीन खरीदे जाने की स्थिति में प्रत्येक खरीदार के अंश के आधार पर गणना की जाए। जमीन की बिक्री केवल रकबे के आधार पर होती है, खरीदारों की संख्या के आधार पर मूल्य तय करने से जमीन का गाइड लाइन मूल्य वास्तविक मूल्य से कई गुना बढ़ गया है, इसे ठीक करना होगा। पंजीयन शुल्क को 4 प्रतिशत ही रखना होगा। अभी बहुमंजिला भवनों में ऊपर की मंजिलों पर कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में दी जाने वाली छूट खत्म कर दी गई है।

### पूर्व का पंजीयन शुल्क लागू करने की मांग

बिल्डरों के अनुसार नए रेट लागू हो गए हैं, इसलिए गाइड लाइन में छूट के पहले लगने वाले पंजीयन शुल्क की दर 0.8% को वर्तमान में लागू किया जाना चाहिए। यह दर भी वर्तमान की तरह संपत्ति के गाइड लाइन मूल्य तक ही लगनी चाहिए। गाइड लाइन से अधिक दरों पर पंजीयन कराने वालों के लिए यह काम नहीं करेगा। छत्तीसगढ़ में व्यावसायिक और आवासीय इमारतों में ऊपर के फ्लोर का बिक्री मूल्य कम होता है। इसीलिए पहले की तरह ही सेकेंड फ्लोर एवं उसके ऊपर की मंजिलों पर मिलनी वाली छूट को यथावत रखा जाए। जिन जगहों पर सरकारी कीमत बाजार रेट से ज्यादा हो गई है, वहां फिर से जांच करवाकर नए रेट लागू करने बिल्डरों ने मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षकों से अन्य कार्य लिए जाने से पढ़ाई हो रही प्रभावित

**रसेला।** शासकीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के नाम पर राज्य सरकार ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया था। लेकिन सरकार ने स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की जानकारी संकलित कर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा निगम को देने का अजीबोगरीब फरमान जारी किया है। शिक्षक संगठनों एवं शिक्षकों ने सरकार से पूछा है कि क्या स्कूलों में बच्चों को विषय ज्ञान देना अत्यावश्यक सेवा नहीं है। शिक्षकों का कहना है कि अधिकांश स्कूलों बाउंड्रीवाल नहीं है। यदि हैं तो जीर्णोद्धार की स्थिति में है। ऐसे में शाला प्रमुख या शिक्षक आवारा कुत्तों का शाला में प्रवेश के रोकथाम हेतु प्रबंध कैसे करेंगे। बाउंड्रीवाल नहीं होने से असमाजिक तत्वों का जमावड़ा देर रात स्कूलों में होता है। जिसके कारण शालेय वातावरण दूषित होता है, बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। शाला प्रमुख एवं शिक्षक को इसके रोकथाम के लिए जिला प्रशासन एवं जनमानस से सहयोग नहीं मिलता है। उन्होंने बताया कि अनेक शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में बतौर बीएलओ में लगाया गया है। बड़े मुश्किल से दो-तीन महीने बोर्ड व अन्य परीक्षाओं के लिए बचे हैं। पदोन्नति के फलस्वरूप अनेक शाला विषय शिक्षक विहीन होने वाले हैं। भारत में पिछला जनगणना रिपोर्ट 2011 में तैयार किया गया था। अगली जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोविड 19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। जो कि निकट भविष्य में संभावित है। इसमें भी शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी। इन सब के चलते कैसे शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।

## मतदाताओं के बीच फोटो संबंधी भ्रांतियों को दूर करने बीएलओ करें घर-घर जागरूक

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता तिथि 01.01.2026 के संदर्भ में पुनरीक्षण का कार्य आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपादित कराया जा रहा हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को पत्र प्रेषित कर कहा है कि आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार बूथ लेवल अधिकारी 4 दिसम्बर 2025 तक घर-घर जाकर मतदाताओं से विधिवत भरा हुआ गणना पत्रक (इन्युमिरेशन फार्म) प्राप्त करेंगे। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा वितरित गणना पत्रक में यदि मतदाता अपने फोटो से संतुष्ट नहीं हैं या फोटो धुंधला है अथवा अस्पष्ट हैं, ऐसी स्थिति में मतदाता चाहे तो अपना नवीन फोटो उपलब्ध होने पर बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकेंगे। बूथ लेवल अधिकारी भी सीधे बीएलओ एप के माध्यम से फोटो खींचकर अपलोड कर सकते है। सभी मतदाताओं को फोटो देने की आवश्यकता नहीं हैं। मतदाताओं को अनिवार्यतः नवीन फोटो उपलब्ध कराने संबंधी मतदाताओं के मध्य फैल रही भ्रांतियों के संबंध में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक किया जायें। उक्त निर्देशों को बीएलओ सुपरवाइजर के संज्ञान में अवश्य लायें साथ ही विधानसभा स्तर पर सभी राजनैतिक दलों की बैठक आहूत कर वस्तुस्थिति से अवगत करावें।

## परसुली में कुराल पूजा पर हुआ हवन पूजन

**नर्रा।** ग्राम परसुली सर्कल 1 के कुम्हार समाज द्वारा कुराल व चक्र पूजा महोत्सव मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान विष्णु मंदिर परिसर में पंडित द्वारा विधिवत विधि विधान से हवन पूजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर प्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया। रात्रिकालीन में भूले बिसरे छग नाच पार्टी मोगरापाली का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान समाज के प्रमुख नेताराम चक्रधारी जनपद सदस्य, लता कुम्हार सरपंच, जलसिंह चक्रधारी, कपूर चंद चक्रधारी, मोहित चक्रधारी, झनकराम कुम्हार समेत समाज के महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

**शिविर : फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय के द्वारा लगाए गए शिविर का सिर्रीकला में हुआ समापन**

# सिर्रीकला के सात दिवसीय एनएसएस शिविर में 70 स्वयं सेवकों ने भाग लिया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर**

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के बैनर तले आयोजित सात दिवसीय आवासीय शिविर, सिर्रीकला, फिंगेश्वर का अश्रुपूर्ण एवं भावुकपूर्ण के साथ समापन हुआ। विदित हो कि कार्यक्रम संयोजक डॉ. देवादास बंजारे के मार्गदर्शन में शिविर का शुभारंभ 15 नवंबर को सिणरकला स्थित शासकीय हाई स्कूल से किया गया था। इस शिविर में वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं स्थानीय युवा मिलाकर 70 से अधिक स्वयंसेवको ने हिस्सा लिया। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय द्वारा प्रायोजित एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) के क्षेत्रधिकार में यह विशेष शिविर दिनांक 15 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक, सतत विकास के लिए युवा थीम पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के प्रथम नागरिक एवं ग्राम पंचायत सिरएँकला के सरपंच, कोमन ध्रुव के अतिथित्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो डॉ. देवादास बंजारे ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हाई स्कूल सिरएँकला के प्राचार्य ओपी सिन्हा, उप सरपंच यादेश्वरी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रेखराम साहू, साहू समाज के अध्यक्ष मदन लाल साहू, पंचायत सचिव ज्योति सिन्हा एवं समस्त सम्माननीय पंचगण उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में ग्रामीणजन, स्थानीय युवाओं, स्कूल के बच्चें, ग्राम प्रमुख, समाज प्रमुख एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय पुरुष स्वामी विवेकानंद के पूजा–अर्चना के साथ हुआ, इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा राजकीय गीत एवं रासेयो लक्ष्य गीत का गायन किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ एवं स्थानीय युवा मिलाकर 70 स्वयं सेवकों ने भाग लिया तथा अलग-अलग दिवसों में महाविद्यालय के 14 कर्मचारी अधिकारीयों ने अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया। इन सात दिवसों में शारीरिक शिक्षा के रूप में प्रतिदिन जुम्बा, योग, प्रभात फेरी, व्यायाम एवं प्रायाणाम जैसे कपालभारती, अनुलोम विलोम, भ्रमणी, ताड़ासन एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से शारीरिक रूप से फिट रहने और तनाव व चिंता को प्रबंधित करने में मदद करने तथा स्वयंसेवकों में मानसिक स्पष्टता का प्रतिपादन किया गया जो विश्राम को बढ़ावा देने और भावनात्मक स्थिरता में सुधार करने में विशेष रूप से सहायक है तथा अनुशासन और स्वस्थ जीवन शैली की आदतों को स्थापित करने में मदद करती हैं। परियोजना कार्य एनएसएस का एक अभिन्न अंग है, स्वयंसेवकों ने आवासीय स्थल, रंगमच स्थल अटल चौक, आंगनवाड़ी टिकरा पारा चौक, भाटापारा चौक की नाली तथा प्राथमिक स्कूल के पास स्थित तालाब के पचरी व पगड़ंडी की साफ -सफाई करके स्वच्छता का सन्देश दिया गया।




**110 ग्रामीण युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन**

हाई स्कूल में रोपित पौधे के चबूतरा निर्माण में श्रमदान किया गया। नवाचार के रूप करीब 250 ग्रामीण नागरिकों के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य, सिकलिन एवं नेत्र जांच और उपचार किया गया तथा 110 ग्रामीण युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन किया गया। जो छात्रों को 'स्वयं से पहले समुदाय' के आदर्श वाक्य का पालन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत युवा नेतृत्व और अनुशासन (डॉ.सविता मिश्रा), शांति और न्याय समाज (डॉ. विपिन लहरे), साइबर क्राइम, पास्को, अपराध व समाज (गौतम चन्द्र गावड़े,थाना प्रभारी फिंगेश्वर), महिला अपराध, अभिव्यक्ति एप्प, घरेलू हिंसा संकल्प साहू), लैंगिक समानता, स्वास्थ्य जीवन, नवाचार से राष्ट्र (डॉ. शिल्पा हरिरमानी), वैश्विक भागीदारी और न्याय(ओपी सिन्हा) के द्वारा स्वयंसेवकों को प्रेरित किया गया। इस सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, जिला संगठक डॉ. समीक्षा चंद्राकर, कार्यकम समन्वयक डॉ. एलएस गजपाल एवं राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी ने अशेष शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी है।

# सड़क पर बच्चों को देखकर रुका मंत्री यादव का काफिला

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर**



शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव की काफिला जैसे ही लोक निर्माण विश्राम गृह से कार्यक्रम स्थल के लिए निकली स्कूली छात्र -छात्राओं को सड़क में जाते देख शिक्षामंत्री ने अपनी काफिला रूकवा दी और स्वंय उतरकर बच्चों के बीच पहुंचे तथा बच्चों का हाल चाल जाना। इस दौरान बच्चों ने शिक्षामंत्री को अपने बीच पाकर खुशी से गदगद हो गए और उनके साथ तश्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान शिक्षामंत्री ने बातचीत में बच्चों को पूछा की स्कूल में कैसा पढ़ाई हो रहा है तो मैनपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओ ने मंत्री को बताया कि पर्याप्त शिक्षक नहीं है और इस वनांचल क्षेत्र में कृषि संकाय के विषय नहीं है जिस पर मंत्री ने जल्द कार्यवाही करने की बात कही। इस दौरान बच्चों ने बताया कि मैनपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल खुले 30 वर्ष हो गया है लेकिन आज तक भवन का निर्माण नहीं किया गया है, पढ़ाई में भारी परेशानी होती है, शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव ने तत्काल स्थानीय अधिकारियों को बुलाकर आलीसान हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण के लिए स्टीमेंट एक सप्ताह के भीतर भेजने कहा है साथ ही छात्र-छात्राओं के बीच सड़क में ही शिक्षामंत्री ने मैनपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के लिए करोड़ों रुपए की राशि देने की घोषणा कर दी जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ नगर के लोगों ने शिक्षामंत्री के जमकर जयकारे लगाए। शिक्षामंत्री ने कोई भी समस्या होने पर तत्काल इसकी सूचना देने छात्र- छात्राओं को कहा की छात्र-छात्राओं ने शिक्षामंत्री ने बात कर काफी खुश नजर आए।

# जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, 163 वॉलिंटियर्स हुए शामिल




**हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद के अध्यक्ष एवं कलेक्टर भगवान सिंह उइके के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव रेडक्रॉस जिला शाखा गरियाबंद डॉ. यूएस नवरत्न के निर्देशन में जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि रोमन साहू के नेतृत्व में जिला स्तरीय प्रथम जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंदर में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संगठक रोमन लाल साहू एवं प्रभारी प्राचार्य गुलशन नंदा द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ.तत्पश्चात ध्वजारोहण करते हुए जिला संगठक रोमन लाल साहू ने कहा कि रेड क्रॉस एक स्वयं सेवी राहत आंदोलन है जिसमें जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना, मानव के प्रति सम्मान सुनिश्चित करना, आपसी समझ, मित्रता, सहयोग और स्थाई शांति को बढ़ावा देना है। तत्पश्चात महासमुंद जिला के रेडक्रॉस प्रशिक्षक दिनेश कुमार साहू (व्याख्याता) द्वारा रेड क्रॉस के इतिहास, उद्देश्य एवं सिद्धांत के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रॉस की स्थापना 1863 में हेनरी डूनैट द्वारा किया गया, जो 1859 की सोलफेरिनो की लड़ाई में घायल सैनिकों की पीड़ा से प्रेरित थे। रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना मानवीय पीड़ा को कम करना और जीवन की गरिमा को बनाए रखना है। वह रेड क्रॉस के सिद्धांत मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता एवं सार्वभौमिकता है। उन्होंने आगे सीपीआर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सीपीआर एक आपात कालीन पुर्नजीवन तकनीक है जो ह्दय गति रुकने पर जीवन रक्षक के रूप में कार्य करती है। इसके पश्चात रिकवरी पोजीशन स्ट्रेचर द्वारा मरीज को अस्पताल ले जाना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण शिविर में 163 वॉलिंटियर्स एवं शिक्षक शामिल हुए। इस प्रशिक्षण सीरियल धर्मेंद्र ठाकुर, चैतन्य यदु, गोपाल देवांगन, पूरन लाल साहू, प्रेमलाल साहू, जयप्रकाश गायकवाड, दीप कुमार बांधे, हरिश्चन्द्र निषाद, चंद्रहास साहू, तोमन साहू, चंद्रभान चोटिया, जूली क्रस्टिना, भावना शर्मा, श्वेता साहू, संगीता साहू, सहित गरियाबंद जिले के विभिन्न विद्यालयों के रेडक्रॉस प्रभारी उपस्थित थे।

# मतदाता सूची का पुनरीक्षण राष्ट्र की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्णः रिकेश साहू

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम**



भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम राष्ट्र की सुरक्षा की दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, सटीक और समावेशी बनाना है। हम सभी भारतीयों और मतदाताओं को सजगता के साथ इसको सफल बनाना है। रिकेश साहू ने एसआईआर को लेकर बूथ स्तरीय उपस्थित कार्यकर्ताओं को कहा कि मतदाता विशेष गहन पुन निरीक्षण में अपात्र नाम हटाने या मृतक, स्थानांतरित या दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं। इससे एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को मजबूती मिलती है और चुनावी धोखाधड़ी रुकती है इससे चुनाव की लोकप्रियता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। अप्रवासी और घुस पैठिये गलत तरीके के अपने आपको मतदाता बना चुके है उनकी छटनी निहायत जरूरी है। सभी कार्यकर्ताओ को अपील करते कहा विशेष रूप से अपने अपने मतदान केंद्रों के बीएलओ से संपर्क कर उनके कार्य में उनका सहयोग अवश्य करे।

# एनसीसी दिवस पर स्वच्छता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम**



एनसीसी दिवस के अवसर पर फूलचंद अग्रवाल स्मृति कॉलेज की एनसीसी नेवल विंग द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में कुल 50 कैडेट्स ने भाग लिया और समाज में स्वच्छता के महत्व को फैलाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. पूनम सिंह ने कैडेट्स को संबोधित किया और कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन, सेवा और जागरूकता के साथ समाज के लिए प्रेरणा बनने की बात कही। रैली का नेतृत्व सीनियर कैडेट कैप्टन अनुपमा साहू और कैडेट कैप्टन खुशी साहू ने किया। कैडेट्स ने गोबरा स्थित अटल परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कैडेट्स ने आसपास के क्षेत्रों में सफाई कर स्वच्छ परिसर, स्वच्छ समाज का संदेश दिया। कैडेट्स की इस पहल से कार्यक्रम सफल रहा और एनसीसी डे को समाज सेवा की भावना के साथ सार्थक रूप से मनाया गया।

# झरियाबाहरा हुंचे राज्य तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जितेंद्र साहू ने आज मंगलवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर से 8 किलोमीटर दूर झरियाबाहरा (बोईरगांव) स्थित सीजी ऑयल मील का निरीक्षण किया। यहाँ पहुंचने पर प्रोपाइटर मालती देवी साहू, उनके पति गनपत साहू तथा पुत्र हेमन्त साहू एवं प्रशांत साहू ने अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मील में तैयार किए जा रहे ब्रांड "पैरीधार" 100% शुद्ध सरसों तेल, मूंगफली तेल और तिल तेल के उत्पादन प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। मील संचालकों ने उत्पादन की गुणवत्ता, कच्चे माल की उपलब्धता और स्थानीय कारीगरों के रोजगार से जुड़ी जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव, वरिष्ठ नेता रूपेश साहू,महामंत्री घनश्याम मरकाम, दिनेश सचदेव,भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ,पुलस्त शर्मा, सुधीर ठाकुर, सरवन नेताम सहित साहू समाज के जिला अध्यक्ष बाबूलाल साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू भाजपा कार्यकर्ता तथा समाज के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान अध्यक्ष श्री साहू ने स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार तेलघानी उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा।

# सीजीपीएससी में टाप टेन साहू समाज के बेटे-बेटियों का सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम**



जिला साहू संघ गरियाबंद द्वारा राजिम के गायत्री मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ सीजीपीएससी में टाप टेन साहू समाज के बेटे बेटियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू, संयोजक न्याय प्रकोष्ठ जिला साहू संघ गैदलाल साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के महासचिव मिंजून साहू, राजिम भाजपा मंडल के अध्यक्ष रिकेश साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नूतन साहू, झाड़ साहू, अंजोर साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के सह सचिव ठाकुर साहू ने संचालन किया। आभार राजिम भक्तिन मंदिर समिति के महासचिव मिजून साहू ने किया।

**पेज 11 का शेष...**

### जीवन में शिक्षा...

जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए, मंत्री यादव ने कहा कि वे ग्रामद्योग के क्षेत्र में मैनपुर में कार्य कर रहे बुनकर भाईयों की परेशानी को देखते हुए भवन निर्माण के लिए लाखों रूपये देने की घोषणा किया साथ ही यादव समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए 25 हजार रूपये देने की घोषणा किया, तो पूरा मंच तालियों की गडगडाहट से गुंज उठा। इस दौरान मंत्री यादव ने कहा कि वे पूर्व में मंत्री बनने से पूर्व मैनपुर देवभोग क्षेत्र का दौरा कर चुके है, इस क्षेत्र में दोना पत्तल का एक बडा प्लांट लगाने की घोषणा किया साथ ही स्थानीय ग्रामीणो को रोजगार से जोड़ने के लिए ग्रामद्योग के क्षेत्र से यहां मिलने वाले वनोपज के माध्यम से उद्योग डालकर आगे बढ़ाने की बात कही है, उन्होने आगे कहा कि छत्तीसगढ की भाजपा सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है, इस क्षेत्र में विधायक ने जितने भी स्कूल भवन के लिए मांग किया है सभी मांगों को जल्द पुरा किया जायेगा साथ ही मंच से नराजगी जातते हुए मंत्री ने कहा कि गरियाबंद जिला में स्कूल भवन निर्माण के लिए दो ढाई वर्ष पहले करोडों रूपये की राशि जारी की गई है लेकिन आज तक स्कूल भवन अधूरा है, इसकी समीक्षा कर जल्द कार्यवाही की जायेगी।

**खबर संक्षेप**

## कुत्तों की गिनती ड्यूटी से शिक्षक खफा




**पाण्डुका।** शासकीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के नाम पर राज्य सरकार ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया था। लेकिन सरकार ने स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की जानकारी संकलित कर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा निगम को देने का अजीबोगरीब फरमान जारी किया है! छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिला गरियाबंद के अध्यक्ष एम एल तारक, सचिव डोरेश मेहरा, कोषाध्यक्ष सोहन सेन, विकासखंड राजिम अध्यक्ष यशवंत साहू, वरिष्ठ साथी खेमलाल यादव, सुरेश शर्मा, हरीश तारक, किशोर साहू, विनोद वर्मा, निर्मला शर्मा, अर्चना शर्मा, तारिणी शर्मा आदि ने सरकार से पूछा है कि क्या स्कूलों में बच्चों को विषय ज्ञान देना अत्यावश्यक सेवा नहीं है? क्या आवारा कुत्तों की सूचना देने का कार्य, शिक्षकों से कराने का आदेश माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिया है? फेडरेशन का कहना है कि अधिकांश स्कूलों बाउंड्रीवाल नहीं है। यदि हैं तो जीर्णोद्धार की स्थिति में है। ऐसे में शाला प्रमुख/शिक्षक आवारा कुत्तों का शाला में प्रवेश के रोकथाम के लिए प्रबंध कैसे करेंगे? आवारा कुत्तों से क्या शिक्षकों को खतरा नहीं है? बाउंड्रीवाल नहीं होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देर रात स्कूलों में होता है। जिसके कारण शालेय वातावरण दूषित होता है, बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है! शाला प्रमुख/शिक्षक को इसके रोकथाम के लिये जिला प्रशासन एवं जनमानस से सहयोग नहीं मिलता है। अनेक शाला भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। लेकिन शासन-प्रशासन को सूचना रहने के बावजूद प्रबंधन का अभाव है। लेकिन दुर्घटना होने पर शिक्षकों पर जिम्मेदारी तय किया जाता है।

## परिक्षेत्र स्तरीय फुटबॉल पुरुष स्पर्धा में पीजी कॉलेज बना विजेता

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की फुटबॉल पुरुष टीम ने परिक्षेत्र स्तरीय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में भाग लिया। यह स्पर्धा 21 और 22 नवंबर को स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में आयोजित था। महासमुंद ने सेमीफाइनल मैच में शासकीय महाविद्यालय भटगांव को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच शासकीय पीजी महाविद्यालय महासमुंद और शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के मध्य खेला गया। जिसमें महासमुंद 3-0 से विजय रहा। टीम के खिलाड़ी आयुष ध्रुव, लिशांशु, अजय कुमार, चूड़ामणि, आयुष निर्मलकर, मोहित, महेंद्र, सुजल, यश जैन, अक्षत, वेद प्रकाश, खेमराज, कोमल वर्मा, ओंकार कोच मुकेश पेंडरिया शामिल रहे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

**बैठक :** धान खरीदी से लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण तक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

# कलेक्टर ने धान खरीदी और विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला कार्यालय सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर बी एस उइके ने धान खरीदी, विशेष गहन पुनरीक्षण और विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ हो चुकी है, अतः किसान हित सर्वोपरि रखते हुए किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें। कलेक्टर ने विभागों के पुराने शासकीय बैंक खातों की समीक्षा कर ऐसे निष्क्रिय खातों को बंद करने के निर्देश दिए जिनमें विभागीय राशि जमा नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि 27 नवम्बर को जिले के प्रभारी सचिव बैठक लेंगे, इसलिए सभी अधिकारी अपने विभागीय प्रगति कार्य अद्यतन रखें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्धारित चरणों को गंभीरता से निभाया जाए।

■ रबी फसलों को बढ़ावा देने, स्मार्ट मीटर और सौर ऊर्जा स्थापना पर भी दिया जोर

### अधिकारी-कर्मचारियों को सोलर पैनल लगाने की प्रेरणा दी



### किसानों को रबी फसलें लेने के लिए प्रेरित करें

कृषि और समवर्गीय विभागों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों को धान के स्थान पर विविध फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे उत्पादन और आय में बढ़ोतरी हो सके। कलेक्टर ने कहा कि पीवीटीजी समुदाय के वे हितग्राही जो छूट गए हैं, उनके आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड शीघ्रता से बनवाए जाएं। बैठक में जल संसाधन विभाग के अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, नवीन भगत, ऋषा ठाकुर, एसडीओपी निशा सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिकायतों का त्वरित निराकरण और निर्माण कार्यों में सतर्कता के निर्देश

पीएम, मुख्यमंत्री, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, जनदर्शन, जनचौपाल, सी-पि-ग्राम्स सहित उच्च स्तर से प्राप्त पत्रों और शिकायतों के तुरंत निराकरण के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों या मांग से जुड़े आवेदनों पर यदि विभागीय बजट उपलब्ध है तो स्वीकृति दिलाई जाए, अन्यथा शासन को प्रस्ताव भेजें। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा 1 केवी पर 30,000 रुपये, 2 केवी पर 60,000 रुपये और 3 केवी पर 78,000 रुपये तक सब्सिडी दी जा रही है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने सभी शासकीय और अर्द्धशासकीय संस्थानों में स्मार्ट मीटर लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना और जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवासों का मुद्दा भी प्रमुख रहा। कलेक्टर ने कहा कि कार्य शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

# 10 करोड़ से अधिक की लागत से सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम विधानसभा क्षेत्र की बहुत पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग अब विधायक रोहित साहू के लगातार प्रयासों से पूरी होने जा रही है। लगातार अनेक विकास परियोजनाओं और वर्षों पुरानी समस्याओं का निदान करने वाले विधायक रोहित साहू ने जब से क्षेत्र के विधायक के रूप में बागडोर संभाली है, तब से ही विकास की एक नई लहर देखने को मिल रही है। उनका कार्यकाल महज पद नहीं, बल्कि जन-सेवा और चौतरफा विकास का पर्याय बन गया है। विधायक रोहित साहू अपने निरंतर प्रयास, सेवा और समर्पण भाव से क्षेत्र के विकास को एक नई पहचान दे रहे हैं। लंबे समय से सुदृढ़ीकरण की बाट जोह रहे राजिम विधानसभा क्षेत्र के मड़वाडीह - सिरीखुर्द सड़क लंबाई 10.05 के बहुप्रतीक्षित सुदृढ़ीकरण मजबूत बनाने कार्य के लिए अंततः 1 करोड़ 71 लाख 63 हजार रुपये की स्वीकृति मिल गई है। साथ ही छुरा ब्लॉक के खरखरा से रसेला मार्ग लंबाई 18.71 किमी के मजबूतीकरण के लिए भी 3 करोड़ 18 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अनेक सड़कों के पेंच मरम्मत कार्य हेतु 5 करोड़ 10 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है जिससे क्षेत्र की सड़कों का मरम्मत कार्य भी तत्काल प्रारंभ हो गया है और आमजनों को गड्ढामुक्त सड़कें आवागमन के लिए उपलब्ध रहेंगी। यह स्वीकृति क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के निरंतर और अथक प्रयासों का परिणाम है, जिससे क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है। पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के मड़वाडीह-सिरीखुर्द मार्ग, खरखरा-रसेला मार्ग सहित अनेक पहुंच मार्ग मजबूतीकरण के अभाव में क्षेत्रवासियों और राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनी हुई थी। सड़कों पर गड्ढों और धूल के कारण न सिर्फ आवागमन मुश्किल हो गया था, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया था। विधायक रोहित साहू ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और लगातार शासन स्तर पर इसकी स्वीकृति के लिए प्रयासरत रहे। उनके विशेष प्रयासों से ही अब इन सभी महत्वपूर्ण परियोजना के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये से अधिक राशि की स्वीकृति मिली है। इस स्वीकृति से क्षेत्रवासियों को नई सौगात मिली है।

# सीजी पीएससी में गौरव साहू ने हासिल किया 13वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग सीजी पीएससी 2024 की परीक्षा में गौरव साहू ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए 13वां रैंक हासिल किया है। गौरव का चयन सहायक संचालक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे राजिम क्षेत्र एवं जिले में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू तथा कई सामाजिक पदाधिकारियों ने उन्हें शाल, श्रीफल, फूल-माला और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। विधायक रोहित साहू ने गौरव साहू को बधाई देते हुए कहा कि सिविल सेवा के माध्यम से समाज में कुछ नया कर दिखाने का अवसर मिलता है। जनता के हित में सुशासन को लागू करने में सिविल सेवकों का अहम योगदान रहता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साहू समाज आजमगढ़ की माता समिति के संरक्षक दीनानाथ साहू, ईश्वरी साहू, बैसाखुराम साहू, दिलीप साहू, रामकुमार साहू, नरोत्तम साहू, लोकनाथ साहू, फलेंद्र साहू, रूपनारायण साहू, सुमति साहू, योगेंद्र साहू, दीनानाथ साहू, ओंकार साहू, लोमश साहू, हर्षलता साहू, योगेश साहू, गगन, अमर, शशि, तोर्शेद्र, शुभम, पीयूष ,वैष्णवी मौजूद रहे। गौरव साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और आशीर्वाद देने वाले सभी शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, धैर्य और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।

# तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष साहू का राजिम में भव्य स्वागत, राजीव लोचन मंदिर में की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



मंगलवार को राजिम पहुंचे तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू का पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने बाजे-गाजे, फूल-माला पहनाकर आतिशबाजी करते हुए स्वागत किया। यहां से श्री साहू भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचे दर्शन पूजा कर प्रदेश की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। मंदिर परिसर में राजिम भक्तिन माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। श्री साहू गरियाबंद मार्ग पर राजिम भक्तिन माता चौक पहुंचा। इस चौक में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजू साहू, जिला भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष हरित, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने उनका सम्मान करते हुए तेल चित्र भेंट किया। समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि श्री साहू का काफिला जिले के बोईरगांव झरियाबहरा, विकासखंड मैनपुर के लिए रवाना हुआ। वहां वे सीजी ऑयल मिल का अवलोकन करेंगे। श्री साहू दो दिवसीय गरियाबंद जिले के प्रवास पर हैं। राजिम चौक में स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला भाजपा के महामंत्री चंद्रशेखर साहू युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष हरित, पार्षद आकाश सिंह राजपूत, राजिम भक्तिन माता समिति के संगठन मंत्री रवि शंकर साहू, डॉ. ओंकार साहू, विष्णु साहू, डीगेश्वर साहू, कोमल साहू, उपाध्यक्ष आलोक साहू, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू सचिव तरुण साहू, बादल साहू, मुकेश साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा,सुरेंद्र रामटेके, किशोर साहू, गोलू साहू, पन्ना साहू, महिला नेत्री देवकी साहू, संतोषी श्रीवास्तव, भुवनेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समाज के लोग शामिल थे।

# श्री कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में कार्यशाला जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, में मंगलवार को जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यशाला आयोजित हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय समाज की समृद्ध विरासत, कला, संस्कृति और सामाजिक योगदान को सम्मानपूर्वक पहचान दिलाना रहा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जीना निषाद थी। मुख्य वक्ता महेश देव ने कहा कि जनजातीय जीवन प्रकृति पर आधारित है, उनकी परंपराएं पर्यावरण संरक्षण का सतत संदेश देती हैं। जनजातीय समाज केवल भारत का नहीं बल्कि मानव सभ्यता का आदिम अध्याय है, जिसने मानवता को सामूहिक जीवन, श्रम सम्मान, कला अभिव्यक्ति और समानता का आदर्श दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की विभिन्न जनजातियों जिसमें गोंड़, बैगा, हल्बा, कमार, मड्डा, भतरा और पनिका समुदाय के इतिहास, लोकनृत्य, वाद्ययंत्र, धार्मिक आस्था एवं सामाजिक संरचना पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनजातीय अधिकारों, पेसा कानून, पारंपरिक वनाधिकार तथा संविधान द्वारा प्रदत्त समानता एवं सुरक्षा के प्रावधानों की जानकारी भी दी। श्री देव ने कहा कि समाज और शिक्षा जगत का दायित्व है कि वह जनजातीय विरासत को केवल अध्ययन का विषय न मानकर सम्मान और संरक्षण की भावना के साथ आगे बढ़ाए। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने आभार व्यक्त एवं संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिता साहा ने किया। कार्यक्रम में अजीत गंगवाल, ईश्वर देवांगन, जितेन्द्र सिन्हा, एस. आर. वड्डे, प्रेमेंद्र उपाध्याय, टिकेश्वर मरकाम, रमेश लहरे, श्वेता मिश्रा, सरस्वती बेरवंशी, पुरुषोत्तम काबरा, पीयूष भारद्वाज, मोनिका साहू, नंदनी साहू, पुष्पलता कंवर, साक्षी मेश्राम मौजूद थे।




# पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी ने जरूरतमंदो को बांटे कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पारागांव में आयोजित कैंप में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने एसडीएम रवि सिंग, तहसीलदार विक्रम राठौर की मौजूदगी में गरीबों एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। इस अवसर पर डॉक्टर केआर सिन्हा, नुरुल रिजवी, अहमद रिजवी, हमीद खत्री, बिलाल सुलड़ा, जुनैद सोलंकी, मेहमूद सुलड़ा, मुस्तफा सुलड़ा, हाजी बिलाल सुलड़ा, अतहर रजवी, अनवर चांगल, जफर सुलड़ा, नसीम सुलड़ा, असरार सुलड़ा, शाहिद सुलड़ा ,अनीस तंवर, जावेद खोकर, इमरान सोलंकी, अनस सुलड़ा, अजहरुद्दीन खत्री मौजूद थे। यह जानकारी देते हुए अहमद रिजवी ने बताया कि इमदाद फाउंडेशन के सहयोग से ये कार्यक्रम किया गया।

